Jer

Chapter 10

Hindi Interlinear

Reference: Hindi Easy-to-Read Version

1

שִׁמְעוּ	אֶת־	הַדָּבָר	אֲשֶׁר	דִּבֶּר	יְהוָה	עֲלֵיכֶם	בֵּית	יִשְׂרָאֵל׃	
सुनो	को-	वचन	जो	बोला	यहोवा	तुम्हारे-बारे-में	हे-घराने	इस्राएल	
H8085	H0853	H1697		H1696	H3068			H3478	

इस्राएल के परिवार, यहोवा की सुनो।

2

כֹּה	אָמַר	יְהוָה	אֶל־	דֶּרֶךְ	הַגּוֹיִם	אַל־	תִּלְמָדוּ	וּמֵאֹתוֹת	הַשָּׁמַיִם	אַל־	תֵּחָתּוּ
ऐसा	कहता-है	यहोवा	को-	मार्ग	जातियों-के		सीखो	और-चिह्नों-से	आकाश-के	मत-	डरो
H3541	H0559	H3068	H0413	H1870		H0408	H3925	H0226	H8064	H0408	H2865

כִּי־	יֵחַתּוּ	הַגּוֹיִם	מֵהֶמָּה׃
क्योंकि-	डरती-हैं	जातियां	उनसे
	H2865		H1992

जो यहोवा कहता है, वह यह है: “अन्य राष्ट्रों के लोगों की तरह न रहो। आकाश के विशेष संकेतों से न डरो। अन्य राष्ट्र उन संकेतों से डरते हैं जिन्हें वे आकाश में देखते हैं। किन्तु तुम्हें उन चीज़ों से नहीं डरना चाहिये।

3

כִּי־	חֻקּוֹת	הָעַמִּים	הֶבֶל	הוּא	כִּי־	עֵץ	מִיַּעַר	כָּרַתּוּ	מַעֲשֵׂה	יְדֵי־	חָרָשׁ
क्योंकि-	विधियां	लोगों-की	व्यर्थ	है	क्योंकि-	लकड़ी	जंगल-से	काटी-गई	काम	हाथों-का-	कारीगर-के
	H2708		H1892	H1931		H6086		H3772	H4639	H3027	H2796

בְּמַעֲצָד׃
छेनी-से
H4621

अन्य लोगों के रीति रिवाज व्यर्थ हैं। उनकी देव मूर्तियाँ जंगल की लकड़ी के अतिरिक्त कुछ नहीं। उनकी देव मूर्तियाँ कारीगर की छैनी से बनी हैं।

4

בְּכֶסֶף	וּבְזָהָב	יְיַפֶּהוּ	בְּמַסְמְרוֹת	וּבְמַקָּבוֹת	יְחַזְּקוּם	וְלֹא	יִפִּיק׃
चांदी-से	और-सोने-से	सजाते-हैं-उसे	कीलों-से	और-हथौड़ों-से	जकड़ते-हैं-उन्हें	और-नहीं	हिलती
H3701	H2091	H3302	H4548	H4717	H2388	H3808	H6328

वे अपनी देव मूर्तियों को सोने चाँदी से सुन्दर बनाते हैं। वे अपनी देव मूर्तियों को हथौड़े और कील से लटकाते हैं जिससे वे लटके रहें, गिर न पड़े।

5

כְּתֹמֶר	מִקְשָׁה	הֵמָּה	וְלֹא	יְדַבֵּרוּ	נָשׂוֹא	יִנָּשׂוּא	כִּי	לֹא	יִצְעָדוּ	אַל־	תִּירְאוּ	מֵהֶם	כִּי־	לֹא	יָרֵעוּ	וְגַם־	הֵיטִיב	אֵין	אוֹתָם׃	ס
ककड़ी-के-खेत-में-बिजूके-की-तरह	गढ़े-हुए	वे	और-नहीं	बोलते	उठाया-	जाता-है	क्योंकि	नहीं	चलते	मत-	डरो	उनसे	क्योंकि-	नहीं	बुराई-कर-सकते	और-भी-	भलाई	नहीं-है	उनमें	-
	H8560	H1992	H3808	H1696	H5375	H5375		H3808	H6805	H0408	H3372	H1992		H3808		H1571	H3190	H0369	H0853	

अन्य देशों की देव मूर्तियों, ककड़ी के खेत में खड़े फूस के पुतले के समान हैं। वे न बोल सकती हैं, और न चल सकती हैं। उन्हें उठा कर ले जाना पड़ता है क्योंकि वे चल नहीं सकते। उनसे मत डरो। वे न तो तुमको चोट पहुँचा सकती हैं और न ही कोई लाभ!”

6

מֵאֵין	כָּמוֹךָ	יְהוָה	גָּדוֹל	אַתָּה	וְגָדוֹל	שִׁמְךָ	בִּגְבוּרָה׃
कोई-नहीं	तेरे-समान	यहोवा	महान	तू	और-महान	तेरा-नाम	पराक्रम-में
H0369	H3644	H3068				H8034	H1369

यहोवा तुझ जैसा कोई अन्य नहीं है! तू महान है! तेरा नाम महान और शक्तिपूर्ण है।

7

מִי	לֹא	יִרְאֲךָ	מֶלֶךְ	הַגּוֹיִם	כִּי	לְךָ	יָאֶתָה	כִּי	בְכָל־	חַכְמֵי	הַגּוֹיִם
कौन	नहीं	डरे-तुझसे	हे-राजा	जातियों-के	क्योंकि	तुझे	शोभा-देता	क्योंकि	में-सब-	बुद्धिमानों	जातियों-के
H4310	H3808	H3372	H4428				H2969		H3605	H2450	

וּבְכָל־	מַלְכוּתָם	מֵאֵין	כָּמוֹךָ׃
और-में-सब-	उनके-राज्यों	कोई-नहीं	तेरे-समान
H3605	H4438	H0369	H3644

परमेश्वर, हर एक व्यक्ति को तेरा सम्मान करना चाहिए। तू सभी राष्ट्रों का राजा है। तू उनके सम्मान का पात्र है। राष्ट्रों में अनेक बुद्धिमान व्यक्ति हैं। किन्तु कोई व्यक्ति तेरे समान बुद्धिमान नहीं है।

8

וּבְאַחַת	יִבְעֲרוּ	וְיִכְסָלוּ	מוּסַר	הַבָלִים	עֵץ	הוּא׃
और-एक-साथ	पशु-समान-हैं	और-मूर्ख-हैं	शिक्षा	व्यर्थताओं-की	लकड़ी	है
H0259		H3688	H4148	H1892	H6086	H1931

अन्य राष्ट्रों के सभी लोग शरारती और मूर्ख हैं। उनकी शिक्षा निरर्थक लकड़ी की मूर्तियों से मिली है।

9

כֶּסֶף	מְרֻקָּע	מִתַּרְשִׁישׁ	יוּבָא	וְזָהָב	מֵאוּפָז	מַעֲשֵׂה	חָרָשׁ	וִידֵי	צוֹרֵף
चाँदी	पीटी-हुई	तरशीश-से	लाई-जाती-है	और-सोना	ऊफाज-से	काम	कारीगर-का	और-हाथों-का	सुनार-के
H3701	H7554	H8659	H0935	H2091	H0210	H4639	H2796	H3027	H6884

תְּכֵלֶת	וְאַרְגָּמָן	לְבוּשָׁם	מַעֲשֵׂה	חֲכָמִים	כֻּלָּם׃
नीले	और-बैंगनी	उनका-वस्त्र	काम	चतुरों-का	वे-सब
H8504	H0713	H3830	H4639	H2450	H3605

वे अपनी मूर्तियों को तर्शीश नगर की चाँदी और उफाज नगर के सोने का उपयोग करके बनाते हैं। वे देवमूर्तियाँ वढइयों और सुनारो द्वारा बनाई जाती हैं। वे उन देवमूर्तियों को नीले और बैंगनी वस्त्र पहनाते हैं। निपुण लोग उन्हें "देवता" बनाते हैं।

10

וַיהוָה	אֱלֹהִים	אֱמֶת	הוּא־	אֱלֹהִים	חַיִּים	וּמֶלֶךְ	עוֹלָם	מִקִּצְפּוֹ	תִּרְעַשׁ	הָאָרֶץ
परन्तु-यहोवा	एलोहीम	सच्चा	वह-	एलोहीम	जीवित	और-राजा	सदा-का	उसके-क्रोध-से	कांपती-है	पृथ्वी
H3068	H0430	H0571	H1931	H0430		H4428	H5769		H7493	H0776

וְלֹא־	יָכֵלוּ	גוֹיִם	זַעְמוֹ׃	ס
और-नहीं-	सह-सकतीं	जातियां	उसका-प्रकोप	–
H3808	H3557		H2195	

किन्तु केवल यहोवा ही सच्चा परमेश्वर है। वह एकमात्र परमेश्वर है जो चेतन है। वह शाश्वत शासक है। जब परमेश्वर क्रोध करता है तो धरती काँप जाती है। राष्ट्रों के लोग उसके क्रोध को रोक नहीं सकते।

11

כֹּה	תֹאמְרוּן	לָהֶם	אֱלָהַיָּא	דִּי־	שְׁמַיָּא	וְאַרְקָא	לָא	עֲבַדוּ	יֵאבַדוּ	מֵאַרְעָא
ऐसे	कहना	उनसे	देवता	जिन्होंने-	आकाश	और-पृथ्वी	नहीं	बनाई	नष्ट-होंगे	पृथ्वी-पर-से
H1836	H0560		H0426	H1768	H8065	H0778	H3809	H5648	H0007	H0772

וּמִן־	תְּחוֹת	שְׁמַיָּא	אֵלֶּה׃	ס
और-से-	नीचे	आकाश-के	इन	–
H4481	H8460	H8065	H0429	

यहोवा कहता है, "उन लोगों को यह सन्देश दो: 'उन असत्य देवताओं ने पृथ्वी और स्वर्ग नहीं बनाए और वे असत्य देवता नष्ट कर दिए जाएंगे, और पृथ्वी और स्वर्ग से लुप्त हो जाएंगे।'"

12

עֹשֵׂה	אֶרֶץ	בְּכֹחוֹ	מֵכִין	תֵּבֵל	בְּחָכְמָתוֹ	וּבִתְבוּנָתוֹ	נָטָה
बनाने-वाला	पृथ्वी-का	अपनी-शक्ति-से	स्थापित-करने-वाला	जगत-को	अपनी-बुद्धि-से	और-अपनी-समझ-से	फैलाया
	H0776			H8398	H2451	H8394	H5186

שָׁמָיִם׃
आकाश
H8064

वह परमेश्वर एक ही है जिसने अपनी शक्ति से पृथ्वी बनाई। परमेश्वर ने अपने बुद्धि का उपयोग किया और संसार की रचना कर डाली। अपनी समझ के अनुसार परमेश्वर ने पृथ्वी के ऊपर आकाश को फैलाया।

13

לְקוֹל	תִּתּוֹ	הֲמוֹן	מַיִם	בַּשָּׁמַיִם	וַיַּעֲלֶה	נְשִׂאִים	מִקְצֵה	[ארץ]	(הָאָרֶץ)
उसकी-आवाज-पर	देने-पर	गर्जन	जल-का	आकाश-में	और-चढ़ाता-है	बादलों-को	छोर-से	–	पृथ्वी-के
	H5414		H4325	H8064	H5927			H0776	H0776

בְּרָקִים	לַמָּטָר	עָשָׂה	וַיּוֹצֵא	רוּחַ	מֵאֹצְרֹתָיו׃
बिजलियां	वर्षा-के-लिए	बनाता-है	और-निकालता-है	पवन	अपने-भण्डारों-से
	H4306		H3318	H7307	H0214

परमेश्वर कड़कती बिजली बनाता है और वह आकाश से बड़े जल की बाढ़ को गिराता है। वह पृथ्वी के हर एक स्थान पर, आकाश में मेघों को उठाता है। वह बिजली को वर्षा के साथ भेजता है। वह अपने गोदामों से पवन को निकालता है।

14

נִבְעַר	כָּל־	אָדָם	מִדַּעַת	הֹבִישׁ	כָּל־	צוֹרֵף	מִפֶּסֶל	כִּי	שֶׁקֶר
पशु-समान-है	हर-	आदमी	ज्ञान-से-रहित	लज्जित-होता-है	हर-	सुनार	मूर्ति-से	क्योंकि	झूठी
	H3605	H0120	H1847	H3001	H3605	H6884	H6459		H8267

נִסְכּוֹ	וְלֹא־	רוּחַ	בָּם׃
उसकी-ढाली-हुई-मूर्ति	और-नहीं-	आत्मा	उनमें
H5262	H3808	H7307	

लोग इतने बेवकूफ हैं! सुनार उन देवमूर्तियों से मूर्ख बनाए गये हैं जिन्हें उन्होंने स्वयं बनाया है। ये मूर्तियाँ झूठ के अतिरिक्त कुछ नहीं हैं, वे निष्क्रिय हैं।

15

הֶבֶל	הֵמָּה	מַעֲשֵׂה	תַּעְתֻּעִים	בְּעֵת	פְּקֻדָּתָם	יֹאבֵדוּ׃
व्यर्थ	वे	काम	धोखे-का	में-समय	उनके-दण्ड-के	नष्ट-होंगे
H1892	H1992	H4639	H8595	H6256	H6486	H0006

वे देवमूर्तियाँ किसी काम की नहीं। वे कुछ ऐसी हैं जिनका मजाक उड़ाया जा सके। न्याय का समय आने पर वे देवमूर्तियाँ नष्ट कर दी जाएंगी।

16

לֹא־	כְאֵלֶּה	חֵלֶק	יַעֲקֹב	כִּי־	יוֹצֵר	הַכֹּל	הוּא	וְיִשְׂרָאֵל	שֵׁבֶט
नहीं-	इनके-समान	भाग	याकूब-का	क्योंकि-	रचने-वाला	सब-का	वह	और-इस्राएल	छड़ी
H3808	H0428		H3290		H3335	H3605	H1931	H3478	H7626

נַחֲלָתוֹ	יְהוָה	צְבָאוֹת	שְׁמוֹ׃	ס
उसकी-विरासत-की	यहोवा	सेनाओं-का	उसका-नाम	–
H5159	H3068		H8034	

किन्तु याकूब का परमेश्वर उन देवमूर्तियों के समान नहीं है। परमेश्वर ने सभी वस्तुओं की सृष्टि की, और इस्राएल वह परिवार है जिसे परमेश्वर ने अपने लोग के रूप में चुना। परमेश्वर का नाम "सर्वशक्तिमान यहोवा" है।

17

אִסְפִי	מֵאֶרֶץ	כִּנְעָתֵךְ	[ישבתי]	(יֹשֶׁבֶת)	בַּמָּצוֹר׃	ס
इकट्ठी-कर	भूमि-से	अपनी-गठरी	–	रहने-वाली	घेरे-में	–
H0622	H0776	H3666	H3427	H3427	H4692	

अपनी सभी चीज़ें लो और जाने को तैयार हो जाओ। यहूदा के लोगों, तुम नगर में पकड़ लिये गए हो और शत्रु ने इसका घेरा डाल लिया है।

18

כִּי־	כֹה	אָמַר	יְהוָה	הִנְנִי	קוֹלֵעַ	אֶת־	יוֹשְׁבֵי	הָאָרֶץ	בַּפַּעַם	הַזֹּאת
क्योंकि-	ऐसा	कहता-है	यहोवा	देख-मैं	फेंकने-वाला-हूं	को-	निवासियों	इस-देश-के	में-बार	इस
	H3541	H0559	H3068	H2009		H0853	H3427	H0776	H6471	H2063

וַהֲצֵרוֹתִי	לָהֶם	לְמַעַן	יִמְצָאוּ׃	ס
और-संकट-दूंगा	उन्हें	कि-	पाएं	–
	H1992	H4616	H4672	

यहोवा कहता है, "इस समय मैं यहूदा के लोगों को इस देश से बाहर फेंक दूँगा। मैं उन्हें पीड़ा और परेशानी दूँगा। मैं ऐसा करूँगा जिससे वे सबक सीख सकें।"

19

אוֹי	לִי	עַל־	שִׁבְרִי	נֶחְלָה	מַכָּתִי	וַאֲנִי	אָמַרְתִּי	אָךְ	זֶה	חֳלִי	וְאֶשָּׂאֻנוּ׃
हाय	मुझे	पर-	मेरे-टूटने	घातक	मेरी-चोट	और-मैंने	कहा	निश्चय	यह	रोग	और-सहूंगी-इसे
H0188			H7667		H4347	H0589	H0559	H0389	H2088	H2483	H5375

ओह, मैं (यिर्मयाह) बुरी तरह घायल हूँ। घायल हूँ और मैं अच्छा नहीं हो सकता। तो भी मैंने स्वयं से कहा, "यह मेरी बीमारी है, मुझे इससे पीड़ित होना चाहिये।"

20

אָהֳלִי	שֻׁדַּד	וְכָל־	מֵיתָרַי	נִתָּקוּ	בָנַי	יְצָאֻנִי	וְאֵינָם	אֵין־
मेरा-तम्बू	उजड़-गया	और-सब-	मेरी-रस्सियां	टूट-गईं	मेरे-बेटे	निकल-गए-मुझसे	और-नहीं-हैं	कोई-नहीं-
H0168	H7703	H3605	H4340	H5423		H3318	H0369	H0369

נֹטֶה	עוֹד	אָהֳלִי	וּמֵקִים	יְרִיעוֹתָי׃
खड़ा-करने-वाला	फिर	मेरा-तम्बू	और-लगाने-वाला	मेरे-पर्दे
H5186	H5750	H0168		H3407

मेरा डेरा बरबाद हो गया। डेरे की सारी रस्सियाँ टूट गई हैं। मेरे बच्चे मुझे छोड़ गये। वे चले गये। कोई व्यक्ति मेरा डेरा लगाने को नहीं बचा है। कोई व्यक्ति मेरे लिये शरण स्थल बनाने को नहीं बचा है।

21

כִּי	נִבְעֲרוּ	הָרֹעִים	וְאֶת־	יְהוָה	לֹא	דָרָשׁוּ	עַל־	כֵּן	לֹא	הִשְׂכִּילוּ
क्योंकि	पशु-समान-हुए	चरवाहे	और-को-	यहोवा	नहीं	ढूंढ़ा	इसलिए-	इसलिए	नहीं	समझदार-हुए
				H3068	H3808	H1875			H3808	

וְכָל־	מַרְעִיתָם	נְפוּצָה׃	ס
और-सारा-	उनका-झुण्ड	तितर-बितर-हो-गया	–
H3605	H4830		

गडेरिये (प्रमुख) मूर्ख हैं। वे यहोवा को प्राप्त करने का प्रयत्न नहीं करते। वे बुद्धिमान नहीं है, अत: उनकी रेवड़ें (लोग) बिखर गई और नष्ट हो गई हैं।

22

קוֹל	שְׁמוּעָה	הִנֵּה	בָאָה	וְרַעַשׁ	גָּדוֹל	מֵאֶרֶץ	צָפוֹן	לְשׂוֹם	אֶת־	עָרֵי
आवाज	समाचार-की	देखो	आ-रही-है	और-कंपकंपी	बड़ी	देश-से	उत्तर-के	करने-को	को-	नगरों
	H8052	H2009	H0935	H7494		H0776	H6828		H0853	

יְהוּדָה	שְׁמָמָה	מְעוֹן	תַּנִּים׃	ס
यहूदा-के	वीरान	मांद	गीदड़ों-की	–
H3063		H4583		

ध्यान से सुनो! एक कोलाहल! कोलाहल उत्तर से आ रहा है। यह यहूदा के नगरों को नष्ट कर देगा। यहूदा एक सूनी मरुभूमि बन जायेगा। यह गीदड़ों की माँद बन जायेगा।

23

יָדַעְתִּי	יְהוָה	כִּי	לֹא	לָאָדָם	דַּרְכּוֹ	לֹא־	אִישׁ	הֹלֵךְ	וְהָכִין
जानता-हूं	यहोवा	कि	नहीं	आदम-का	उसका-मार्ग	नहीं-	मनुष्य-का	चलने-वाले	और-दृढ़-करने-का
H3045	H3068		H3808	H0120	H1870	H3808	H0376	H1980	

אֶת־	צַעֲדוֹ׃
को-	उसके-कदम
H0853	H6806

हे यहोवा, मैं जानता हूँ कि व्यक्ति सचमुच अपनी जिन्दगी का मालिक नहीं है। लोग सचमुच अपने भविष्य की योजना नहीं बना सकते हैं। लोग सचमुच नहीं जानते कि कैसे ठीक जीवित रहा जाये।

24

יַסְּרֵנִי	יְהוָה	אַךְ־	בְּמִשְׁפָּט	אַל־	בְּאַפְּךָ	פֶּן־	תַּמְעִטֵנִי׃
ताड़ना-दे-मुझे	यहोवा	परन्तु-	न्याय-से	मत-	अपने-क्रोध-में	कहीं-	घटा-दे-मुझे
H3256	H3068	H0389	H4941	H0408	H0639	H6435	H4591

हे यहोवा, हमें सुधार! किन्तु न्यायी बन! क्रोध में हमे दण्ड न दे! अन्यथा तू हमें नष्ट कर देगा!

25

שְׁפָךְ	חֲמָתְךָ	עַל־	הַגּוֹיִם	אֲשֶׁר	לֹא־	יְדָעוּךָ	וְעַל	מִשְׁפָּחוֹת	אֲשֶׁר	בְּשִׁמְךָ
उण्डेल	अपना-प्रकोप	पर-	जातियों	जो	नहीं-	जानतीं-तुझे	और-पर	कुलों	जो	तेरा-नाम
H8210	H2534				H3808	H3045		H4940		H8034

לֹא	קָרָאוּ	כִּי־	אָכְלוּ	אֶת־	יַעֲקֹב	וַאֲכָלֻהוּ	וַיְכַלֻּהוּ	וְאֶת־	נָוֵהוּ	הֵשַׁמּוּ׃
नहीं	पुकारते	क्योंकि-	खा-गए	को-	याकूब	और-खा-गए-उसे	और-सत्यानाश-किया-उसे	और-को-	उसके-निवास	उजाड़-दिया
H3808	H7121		H0398	H0853	H3290	H0398	H3615	H0853		H8074

פ
–

यदि तू क्रोधित है तो अन्य राष्ट्रों को दण्ड दे। वे, न तुझको जानते हैं न ही तेरा सम्मान करते हैं। वे लोग तेरी आराधना नहीं करते। उन राष्ट्रों ने याकूब के परिवार को नष्ट किया। उन्होंने इस्राएल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। उन्होंने इस्राएल की जन्मभूमि को नष्ट किया।